## प्रेस विज्ञप्ति

## 38वां स्थापना दिवस: इरेडा ने लगातार तीसरे वर्ष 'उत्कृष्ट' रेटिंग हासिल की

## अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का प्रेरक संबोधन इरेडा टीम को ऊर्जावान बनाता है



नई दिल्ली, 11 मार्च 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज अपना 38वां स्थापना दिवस मनाया, जोकि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा के विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस अवसर पर इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास के साथ इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती और इरेडा के मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री अजय कुमार साहनी उपस्थित थे, जिन्होंने कंपनी की उपलब्धियों, चुनौतियों और भावी प्रयासों के बारे में प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों को संबोधित किया।

श्री प्रदीप कुमार दास ने इरेडा के 38वें स्थापना दिवस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उपलब्धियों का जश्न मनाने, चुनौतियों पर चिंतन करने और भविष्य की कार्य योजना बनाने के महत्व के बारे में जोर दिया। उन्होंने भारत के ऊर्जा परिवर्तन के लिए वित्तपोषण करने, ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु के बारे में कार्य करने और सतत विकास के लिए राष्ट्रीय लक्ष्यों में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए इरेडा की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

इस बड़ी उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए, श्री दास ने बताया कि इरेडा ने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन वर्ष 2022-23 के तहत 'उत्कृष्ट' रेटिंग हासिल की है। 93.50 के स्कोर और 'उत्कृष्ट' की अंतिम रेटिंग के साथ लगातार तीसरे वित्तीय वर्ष के लिए यह मान्यता कंपनी के समर्पण, कड़ी मेहनत और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

सीएमडी ने इरेडा के रिटेल डिवीजन शुरू करने के बारे में भी प्रकाश डाला, जोकि विभिन्न ऋणकर्ताओं को सेवाएं प्रदान करता है, विशेष रूप से रूफटॉप सोलर और पीएम-कुसुम योजना जैसे क्षेत्रों में, जोकि कंपनी के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मार्केट सेगमेंट को रेखांकित करता है । उन्होंने नए वित्तीय उत्पादों को पेश करने और कंसोर्टियम वित्तपोषण करने के लिए और उभरती हरित प्रौद्योगिकियों में उपस्थिति बढ़ाने के बारे में ध्यान केंद्रित करते हुए एक मुख्य रणनीति के रूप में नवाचार पर जोर दिया।

पिछले साढ़े तीन वर्षों के दौरान इरेडा की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, श्री दास ने ऋण पोर्टफोलियो में तीव्र वृद्धि, क्रेडिट रेटिंग में वृद्धि, स्टॉक एक्सचेंजों पर ऐतिहासिक लिस्टिंग, आरबीआई द्वारा अनुसूची 'ख ' से अनुसूची 'क' में इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (आईएफसी) का दर्जा में उन्नयन, 'मिनी-रत्न' से 'नवरत्न' का दर्जा देने की चल रही प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया । उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में विस्तार और नए व्यावसायिक अवसरों की खोज पर भी जोर दिया, जैसे कि गिफ्ट सिटी, गुजरात में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी की स्थापना करना आदि है ।

इन उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए, श्री दास ने प्रदर्शन और ग्राहक संतुष्टि के उच्च मानकों को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया, और ऊर्जा परिवर्तन में पसंदीदा ऋणदाता के रूप में अपनी

नेतृत्व स्थिति को बनाए रखने के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अपार अवसर के बारे में प्रकाश डालते हुए भविष्य के विकास के लिए एक विजन प्रस्तुत किया।



श्री दास ने अधिक प्रभावशीलता और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए, डिजिटलीकरण और स्वचालन प्रक्रिया के माध्यम से उधार लेने की लागत को अनुकूलित करने और परिचालन दक्षता बढ़ाने के प्रयासों को रेखांकित किया।

सीएमडी ने दक्षता बढ़ोतरी , त्वरित कर्मचारी प्रतिक्रिया और महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन करने की दिशा में सांस्कृतिक परिवर्तन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चार कर्मचारियों में से एक महिला कर्मचारी है, जिनमें से कई विभागों का नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने देश में नवीकरणीय ऊर्जा की धारणा को बदलने में इरेडा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। प्रबंधन सक्रिय रूप से दो-तरफा संप्रेषण करती है, और कर्मचारियों के साथ-साथ ऋणकर्ताओं की चिंताओं का निवारण करती है और अक्सर इनपुट और विचारों की मांग करता है, जिससे हाल के वर्षों में कंपनी का असाधारण प्रदर्शन हुआ है।

इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती और मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री अजय कुमार साहनी ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया, और उत्कृष्टता, नवाचार और नैतिक व्यावसायिक प्रणालियों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता दोहराई।

अंत में, इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक सशक्त विजन, रणनीति, संसाधनों और टीम के साथ इरेडा के उज्ज्वल भविष्य में विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने चुनौतियों का सामना करने और सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए टीम वर्क, सत्यनिष्ठा, ग्राहक केन्द्रित और सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व पर जोर दिया।

यह स्थापना दिवस समारोह ने इरेडा की 37 वर्ष की प्रभावशाली यात्रा और उपलब्धियों पर नजर डालने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान किया । यह अपने समर्पित कर्मचारियों, हितधारकों और व्यावसायिक भागीदारों के प्रति आभार व्यक्त करने का क्षण था, जिनके निरंतर समर्थन ने इरेडा को देश में सबसे बड़ा प्योर प्ले ग्रीन फाइनेंस एनबीएफसी बनाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।